पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊः 26 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती की आनंदीबेन की प्रेरणा से आज 26 नवम्बर, 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन के गांधी सभागार में 'आजादी का अमृत महोत्सव–संविधान दिवस' विषयक एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं राजभवन में आवासित बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागिता पांच समूहों में आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 1 से स्नातक तथा अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

राज्यपाल जी ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाणपत्र, पठन–पाठन सामग्री तथा बच्चों के लिए कुछ उपयोगी वस्तुएं देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्द्धन किया।

संगीता/राजभवन (87/12)
सम्पर्क सूत्र
9453005360